प्रा०(५) नी

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

Mail.

सं० सं० : 01/भू०अ०नि० (3) वि०सर्वे० कानूनगो (फर्जी अभिलेख)– 32/2021 1031 पटना, दिनांक : 06-05-2022

# आदेश

निदेशालय ज्ञापांक– 10258 दिनांक 20.07.2020 द्वारा श्री ललन कुमार, (Emp. ID- SKN00789) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज को नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक– 41798 दिनांक 18.11.2021 द्वारा संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान को भेजे गए पत्र के आलोक में परीक्षा नियंत्रक, राज्य प्रावैधिक शिक्षा परिषद्, टेक्नोलॉजी भवन, पटना–15 ने अपने पत्रांक 1503 दिनांक 29.03.2022 द्वारा सूचित किया गया है कि **"Fake 034144, Not Issued form Board"** एतद् संबंधी सत्यापन सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप श्री कुमार से फर्जी डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गई।

उपरोक्त तथ्यों एवं प्राप्त स्पष्टीकरण में इनके द्वारा कोई ऐसा तथ्य नहीं दिया गया है, जो इनके प्रमाण–पत्र को वैध ठहराता हो। संबंधित संस्थान के सत्यापन प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि श्री ललन कुमार, (Emp. ID- SKN00789) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो संविदा पद पर गलत/फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजन प्राप्त करने में सफल हो गये हैं। अतः प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन तथा Term of Assignment के कंडिका–4 (vi) में निहित प्रावधान के आलोक में श्री कुमार, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, संविदा कर्मी का नियोजन तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू०अ०नि० (3) वि०सर्वे० कानूनगो (फर्जी अभिलेख)– 32/2021 1031 पटना, दिनांक 06-05-2022

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशित किया जाता है कि :–

1. फर्जी प्रमाण–पत्र के आधार पर नियोजित कर्मी से अब तक की भुगतान की गई राशि की वसूली हेतु कार्रवाई करें।
2. फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियोजन प्राप्त करने एवं अन्य संगत आरोपों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करें।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू०अ०नि० (3) वि०सर्वे० कानूनगो (फर्जी अभिलेख)– 32/2021 1031 पटना, दिनांक 06-05-2022

**प्रतिलिपि** : श्री ललन कुमार, (Emp. ID- SKN00789) विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, किशनगंज (E-mail ID : kundankumarshc11@gmail.com) को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2022\Bablu Sir\Order\32-2021-05-05-2022.doc